शास. लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय अं. चौकी

अर्धवार्षिक परीक्षा - 2021-22

B.Com - Ist Year

ग्रुप - Ist (अनिवार्य)

प्रश्नपत्र - Ist

प्रश्नपत्र का नाम - वित्तीय लेखांकन

M.M. 75

Time - 3 Hours

## Unit - I

(1) लेखांकन को परिभाषित कीजिए। इसके उद्देश्य एवं लेखांकन की विभिन्न शाखाओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

Define Accounting. Briefly describe its objectives and various branches of Accounting.

(अथवा)

एक कपड़े की औद्योगिक संस्था के अग्रलिखित सौदों के लिए आवश्यक पंजी (जर्नल) प्रविष्टियाँ कीजिए एवं मशीन खाता बनाइए।

| | | |
|---|---|---|
| 2016-17 | | |
| जनवरी 1 | पुरानी मशीन क्रय की | 2,40,000 |
| जनवरी 1 | उसे कार्य योग्य बनाने में व्यय किये | 60,000 |
| जनवरी 1 | उसे स्थापित करने में व्यय किये | 40,000 |
| फरवरी 5 | दुर्घटनावश मशीन को क्षति पहुँची, जिसके फलस्वरूप उसकी मरम्मत पर व्यय किये | 35,000 |
| फरवरी 10 | मशीन के फोरमैन को चोट पहुँची, जिसे क्षतिपूर्ति दी | 13000 |
| फरवरी 11 | मशीन के चालक का वेतन | 10000 |
| फरवरी 12 | मशीन के तेल आदि का भुगतान | 25000 |
| फरवरी 28 | नया मॉडल आ जाने के कारण मशीन का विक्रय | 2,10,000 |

मशीन पर मूल्य ह्रास 10% वार्षिक है।

Give Journal entries and prepare Machinery Account for the following transactions of a Cloth Industrial Organisation.

| 2016-17 | | (Rs) |
|---|---|---|
| Jan. 1, | Purchased a Second-hand machine for | 240,000 |
| Jan. 1 | Spent to make it serviceable | 60,000 |
| Jan. 1, | Spent on its installation for | 40,000 |
| Feb. 5 | On an accident the machine was damaged resultantly spent on its repairs | 35,000 |
| Feb. 10, | Paid Compensation to the foreman who was injured | 13,000 |
| Feb. 11, | Salary to the machine Operator | 10,000 |
| Feb. 12, | Paid Oil charges for machinery | 25,000 |
| Feb 28, | The machine was sold on Coming of new model for | 210,000 |

Depreciation on Machinery is 10% per annum.

## Unit-2

(2) श्री अनिल के निम्नलिखित गलत तलपट (परीक्षा सूची) से सही तलपट बनाइए ! Prepare Correct Trial Balance

| खातों के नाम (Name of A/c) | विकलन शेष Debit Balance | समाकलन शेष Credit Balance |
|---|---|---|
| बेचे गए माल की लागत Cost of goods Sold | 50,000 | — |
| Closing Stock अंतिम स्टॉक | 5600 | — |
| देनदार Debtors | — | 30,000 |
| लेनदार Creditors | 12000 | — |
| स्थायी सम्पत्तियाँ Fixed Assets | 90,000 | — |
| प्रा. स्टॉक Opening Stock | 36000 | — |
| विविध व्यय Sundary Expenses | 8600 | — |

| | | |
|---|---|---|
| विक्रय Sales | - | 80,000 |
| पूंजी Capital | - | 1,10,000 |
| आन्तरिक वापसी Return Inwards | 15500 | - |
| विक्रय पर भाड़ा Carriage on Sales | 2300 | - |
| | 2,20,000 | ₹ 2,20,000 |

(अथवा)

अशुद्धियों तथा उनके सुधार से आप क्या समझते हैं? एकपक्षीय एवं द्विपक्षीय अशुद्धियों तथा उनके सुधार को स्पष्ट रूप से समझाइए।

What do you understand by Rectification of Errors? Explain clearly one-sided and two-sided errors and their rectification.

## Unit-3

(3) मैसर्स बाबूलाल एण्ड कम्पनी ने ₹ 1,00,000 की एक मशीन क्रय की, जिसका जीवनकाल तीन वर्ष आँका गया। मशीन के अवशिष्ट मूल्य का अनुमान ₹ 12,500 हुआ। आपको ह्रास कोष पद्धति के अनुसार सम्पत्ति का अपलेखन करना है, विनियोग पर 5% वार्षिक ब्याज प्राप्त होगा। प्रतिवर्ष अपलिखित की जाने वाली राशि ₹ 27,769 है। सम्पूर्ण तीन वर्ष का ह्रास कोष खाता तथा ह्रास कोष विनियोग खाता बनाइए।

M/s Babulal & Company purchased a machinery, for a sum of ₹ 1,00,000, its life was estimated three year. Its residual value is estimated at ₹ 12,500. You are required to depreciate the asset on Depreciation Fund method, Investment

to carry 5% interest. The amount to be annually set aside is given to be ₹ 27,769. Prepare Depreciation Fund Account and Depreciation Fund Investment Account for all the three years.

(अथवा)

गुप्त - संचय क्या है? इसका निर्माण कैसे किया जाता है? इसके लाभ एवं दोष लिखिए।

What is a Secret Reserve? How is it created? write its merits and demerits.

## Unit - 4

(4) जब माल किराया-क्रय पद्धति के आधार पर बेचा जाता है, तब किराया क्रेता एवं विक्रेता की पुस्तक में की जाने वाली जर्नल (प्रविष्टि) प्रविष्टियाँ दीजिए।

Mention the journal entries in the books of the hire-buyer as well as the seller when goods are sold on the hire-purchase system.

(अथवा)

किस्त भुगतान पद्धति से आप क्या समझते हैं; किन्हीं पाँच विधियों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

~~Installment payment~~
What you meant by Installment-Payment System? Define its any five methods.

# Unit-5

(5) ख्याति खाता खोलने से आपका क्या तात्पर्य है? यह लेखा पुस्तकों में कब और कैसे खोला जाता है? किसी साझेदार के ~~प्रवेश~~ (अवसर) के समय लेखांकन मानक 10 के अनुसार ख्याति का क्या उपचार है?

What do you understand by creation of goodwill Account? When and how is it created in the books of Accounts? What is the treatment of goodwill at the time of admission of a new partner as per Accounting Standard 10?

(अथवा)

"X", "Y" और "Z" तीन साझेदार हैं जो अपनी लाभ-हानि 3:2:1 के अनुपात में बाँटते हैं। उनका 31 मार्च 2018 का चिट्ठा निम्नानुसार है:

चिट्ठा (Balance Sheet)
(31st March 2018)

| Liabilities दायित्व | राशि (Amt) | Assets सम्पत्तियाँ | राशि Amt |
|---|---|---|---|
| लेनदार Creditor | 50,000 | रोकड़ Cash | 10,000 |
| Z से ऋण Loan from Z | 30,000 | स्टॉक Stock | 50,000 |
| X का चालू खाता X Current A/c | 10,000 | देनदार Debtor | 1,00,000 |
| Z का चालू खाता Z Current A/c | 5000 | फर्नीचर Furniture | 40,000 |
| पूंजी खाता Capital A/c – | | ख्याति Goodwill | 1,50,000 |
| X 1,50,000 | | Y का चालू खाता Y's Current A/c | 50,000 |
| Y 55,000 | | | |
| Z 1,00,000 | 3,05,000 | | |
| | 4,00,000 | | 4,[illegible] |

फर्म को समाप्त करना तय हुआ समापन के सम्बंध मे निम्नलिखित विवरण उपलब्ध है:

(i) Z ख्याति को ₹ 1,20,000 मे लेगा।

(ii) स्टॉक X द्वारा ₹ 60,000 मे खरीदा जायेगा।

(iii) देनदार 10% कम देंगे।

(iv) फर्नीचर ₹ 30,000 मे नीलाम हुआ।

(v) समापन व्यय ₹ 5000 हुए।

(vi) यदि आवश्यक होगा तो साझेदार रोकड़ देंगे।

(vii) लेनदारो को पूरी राशि भुगतान की गयी।

वसूली खाता, Z का ऋण खाता, साझेदारो का पूंजी खाता तथा साझेदारो के चालू खाते बनाइए।

It is decided to dessolve the firm. following particulars availed regarding dissolution:

(i) Goodwill be taken by 'Z' for ₹ 1,20,000.

(ii) Stock will be purchased by X for ₹ 60,000.

(iii) Debtors will realize 10% less.

(iv) Furniture is auctioned for ₹ 30,000.

(v) Winding-up expenses were ₹ 5000.

(vi) Partners will pay cash if necessary.

(vii) Creditors were paid in full.

Prepare Realization Account, Z's Loan A/c, Partners Capital and Current A/c.